## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 09.05.2025 (दोपहर–1320 बजे)

मुख्य समाचार

- पाकिस्तान से साथ बढ़ते संघर्ष के बीच दिल्ली में रक्षा मंत्री ने तीनों सेनाध्यक्षों के साथ की चर्चा, गृहमंत्री ने बीएसएफ और सीआईएसएफ के डीजी की बुलायी बैठक, बीसीसीआई ने स्थगित किया आइपीएल।
- झारखंड में भी बरती जा रही है विशेष सतर्कता, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों की बढ़ायी गयी सुरक्षा।
- राज्य सरकार ने नक्सलियों, आतंकवादियों और कुख्यात अपराधियों पर इनाम राशि की घोषणा के लिए नीति में किया संशोधन, महिलाओं के लिए सात नये वन स्टॉप हेल्प सेंटर खोलने का भी फैसला।
- भाजपा ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय करने के सरकार के फैसले को बताया दुर्भाग्यपूर्ण, मंत्री सुदिव्य ने कहा– कोल विद्रोह के महानायक को दिया गया सम्मान।
- झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव की अधिसूचना जारी, नामांकन की प्रक्रिया शुरु, 18 मई को होगी वार्षिक आमसभा।

****************

भारत–पाकिस्तान के बीच बढ़ रहे टकराव के बीच दिल्ली में बैठकों का दौर तेज हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज रक्षा प्रमुख और तीनों सेनाध्यक्षों के साथ बैठक की और हालात पर मंथन किया। उन्होंने डीआरडीओ प्रमुख से भी मुलाकात की। रक्षा मंत्री की बैठक के बाद अब केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बीएसएफ और सीआईएसएफ के डीजी के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में नागरिक विमानन सुरक्षा ब्यूरो के डीजी, केन्द्रीय गृह सचिव और आईबी के निदेशक भी मौजूद हैं।

****************

इस बीच बढ़ रहे टकराव के कारण बीसीसीआई ने आइपीएल के शेष बचे मैच स्थगित कर दिये हैं। बीसीसीआई ने फिलहाल नयी तारीखों की घोषणा नहीं की है। आईपीएल में अभी 12 लीग मैच होने बाकी हैं। टूर्नामेंट का फाइनल 25 मई को होना था।

****************

भारत–पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए झारखंड में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बोकारो स्टील प्लांट, बोकारो थर्मल पावर प्लांट और चन्द्रपुरा थर्मल पावर की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बोकारो स्टील प्लांट में आने जाने वाली गाड़ियों की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस मुख्यालय ने एसपी को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की सुरक्षा की जांच करने का निर्देश दिया है। इधर, राज्य के अन्य हिस्सों में भी एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

****************

भारत और पाकिस्तान में जारी संघर्ष के बीच राज्य के सेवानिवृत सैनिकों ने भी सीमा पर जाने की इच्छा जतायी है। सेना के हवलदार मेजर पद से रिटायर होने वाले खूंटी निवासी जितेन्द्र कश्यप फिर देश रक्षा में अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र के निर्देश पर यदि सिविल डिफेंस टीम बनती है तो उसमें वे नेतृत्व करने को तैयार हैं।

****************

राज्य सरकार ने नक्सलियों, आतंकवादियों और कुख्यात अपराधियों पर इनाम राशि की घोषणा के लिए राज्य नीति में संशोधन किया है। नयी नीति के अनुसार, राज्य की सुरक्षा को किसी भी रूप में खतरा पहुंचाने वाले अपराधियों, नक्सलियों या आतंकवादियों पर श्रेणीवार अधिकतम 30 लाख और न्यूनतम 2 लाख की इनाम राशि घोषित की जाएगी। पहले नकद पुरस्कार नीति केवल नक्सलियों तक ही सीमित थी। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि  एक अन्य बड़े फैसले में महिलाओं के लिए सात नए वन स्टॉप हेल्प सेंटर खोले जाएंगे।

****************

राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया है। मंत्री ने कहा है कि कैबिनेट का ये निर्णय कोल विद्रोह के महानायक वीर बुधु भगत का सम्मान है।

****************

इस बीच नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय करने के फैसले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। श्री मरांडी ने कहा है कि यह गलत परंपरा स्थापित करने वाला फैसला है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि वास्तव में बुधु भगत को सम्मानित करना चाहती थी, तो उनके नाम पर एक नया विश्वविद्यालय स्थापित किया जाना चाहिए था। एक महान विभूति के नाम को हटाकर दूसरे महान विभूति के नाम पर संस्थान का नाम बदल देना दोनों ही व्यक्तित्वों की विरासत और सम्मान को प्रभावित करता है।

****************

इधर, राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा है कि वीर बुधु भगत झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं और उन्हें सम्मान देना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि वीर बुधु भगत के नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण करने से विपक्ष को कोई ऐतराज नहीं होना चाहिए।

****************

बोकारो जिले के गौडावाली गांव के ग्रामीण औद्योगिक इकाइयों द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण से त्रस्त हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह शून्य दशमलव नौ प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम समाचार मिलने तक सेंसेक्स 739 अंक गिरकर 79 हजार 596 पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 229 अंक गिरकर 24 हजार 45 पर आ गया।

****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 90 हजार 300 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

****************

मौसम विभाग ने कल से गोड्डा, साहिबगंज और दुमका समेत राज्य के आठ जिलों में लू चलने की आशंका व्यक्त की है। इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। विभाग ने अगले पांच दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी की संभावना जतायी है।

****************

झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन– जेसीसीए के चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके साथ ही आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो गयी जो 13 मई तक जारी रहेगी। एसोसिएशन से सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि वार्षिक आमसभा 18 मई को दिन के 11 बजे से होगी। इसके बाद पदाधिकारियों का चुनाव होगा।

******समाप्त*******